# न्यूज ब्रीफ

## सावित्रीबाई फुले सामाजिक ज्ञान प्रतियोगिता आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय बहुजन सामाजिक परिसंघ के तत्वावधान में स्वर्गीय नाथू लाल आईएएस की स्मृति में माता सावित्रीबाई फुले सामाजिक ज्ञान प्रतियोगिता 19 अप्रैल 2026 को प्रातः 10 बजे जेडी कॉम्पलेक्स, सेठ इन्क्लेव पुराने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के सामने आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक कमल किशोर कठेरिया पूर्व आईआरएस होंगे। यह जानकारी राजपाल कठेरिया एडवोकेट ने दी है।

## सफाई कर्मचारी को पीटा, एफआईआर दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी अंकित ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि नगर पंचायत कांट में सफाई कर्मचारी है। वह वार्ड 09 में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का काम करता है। दो दिन पूर्व घरों से कूड़ा ले रहा था। जुनैद निवासी गढ़ी पूर्वी नामक व्यक्ति उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## आपसी झगड़े में पति-पत्नी घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** सरकारी अस्पताल के बाहर चाय की दुकान चलाने वाले दंपती में जमकर हुई मारपीट। शनिवार शाम को सरकारी अस्पताल में घायल पति–पत्नी को परिजनों ने भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के गांव आजमाबाद निवासी मंगल सिंह और उनकी पत्नी पुष्पा को घायल हालत में इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। पति पत्नी नगर के सरकारी अस्पताल के बाहर ही चाय की दुकान चलाते हैं। शनिवार को किसी बात को लेकर दोनों के बीच पहले कहा सुनी हुई और फिर जमकर मारपीट होने लगी। इस दौरान मंगल सिंह के सिर में चोट लग गई तो वहीं पत्नी पुष्पा के भी गुम चोटें लगी है।

## महिला प्रत्याशी का पर्चा खारिज

**तिलहर, अमृत विचार :** नगर पंचायत उप चुनाव में महिला प्रत्याशी का पर्चा खारिज हो गया। मीरानपुर कटरा नगर पंचायत के उपचुनाव में निर्दलीय महिला प्रत्याशी बिलकिस बानो का दाखिल किया हुआ पर्चा शनिवार को जांच पड़ताल के दौरान खारिज हो गया। यह जानकारी चुनाव अधिकारी जीत सिंह राय ने दी है।

# वित्त मंत्री ने मल्टीपर्पज हॉल का किया निरीक्षण

### रोजा स्थित सैटलाइट बस अड्डे का 20 अप्रैल को होगा उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, रौसर कोठी / शाहजहांपुर



सेटेलाइट बस अड्डे पर नवनिर्मित मल्टीपर्पज हॉल का निरीक्षण करते वित्त मंत्री व अन्य।

**अमृत विचार :** प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के साथ शनिवार को रोजा स्थित सैटेलाइट बस अड्डे का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की सीएसआर पहल के तहत बने नवनिर्मित मल्टीपर्पज हॉल और नगर निगम के जोनल कार्यालय का गहन निरीक्षण किया। रोजा स्थित सेटेलाइट बस अड्डे का 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह उद्घाटन करेंगे।

निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने मल्टीपर्पज हॉल की निर्माण गुणवत्ता और वहां उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उपक्रमों के सहयोग से शहर में इस तरह की आधुनिक सुविधाओं का विकास सराहनीय है। इसके बाद उन्होंने नगर निगम के जोनल कार्यालय का भी अवलोकन किया। जिसे स्थानीय नागरिकों की प्रशासनिक समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से तैयार किया गया है। सैटलाइट बस अड्डा, रोजा में इन सुविधाओं के शुरू होने से न केवल यात्रियों को बेहतर परिवेश मिलेगा, बल्कि क्षेत्रीय जनता को अपने नगर निगम से जुड़े कार्यों के लिए मुख्य शहर की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिसर में स्वच्छता और रखरखाव का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि आमजन को इन सेवाओं का पूर्ण लाभ मिल सके। नगर निगम और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## तेंदुए ने बछड़े को बनाया निवाला

**खुटार अमृत विचार :** क्षेत्र के पिपरिया भागवंत गांव में आबादी के बीच दरवाजे पर टिन शेड में बैठे बछड़ा को तेंदुए ने निवाला बना डाला। आबादी में तेंदुआ पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग की टीम ने बछड़े के शव का पोस्टमार्टम कराकर दफन करा दिया।

पिपरिया भागवंत गांव निवासी अशोक मिश्रा ने बताया कि उनके दरवाजे पर टिन शेड पड़ा है। शुक्रवार रात उनके टिन शेड में एक छुट्टा बछड़ा आकर बैठ गया। रात में किसी समय तेंदुआ ने बछड़े का शिकार कर डाला। सुबह टिन शेड में बछड़ा का अधखाया शव पड़ा मिला। जानकारी होने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे वनकर्मी अशोक बाजपेई व दाताराम ने बछड़े के शव का पोस्टमार्टम कराकर गड्ढा खुदवाकर दफन करा दिया। आबादी में तेंदुआ घुस आने से ग्रामीणों में दहशत है। वन क्षेत्राधिकारी मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया था। बछड़े के शव का पोस्टमार्टम कराकर दफन करा दिया गया है।

## वृक्षों के अवैध कटान पर नहीं हुई कार्रवाई

**जैतीपुर, अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र में हरे-भरे फलदार वृक्षों का अवैध कटान जारी है। शुक्रवार रात करीब 9 बजे खेड़ा बझेड़ा चौराहे से आम के पेड़ों से लदी एक ट्रॉली निकली। ग्रामीणों ने बताया कि सूचना देने के बावजूद वन विभाग के कर्मचारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की।

ग्रामीण राम निवास, संदीप सिंह,सत्यवीर और अशोक ने आरोप लगाया कि खेड़ा बझेड़ा चौराहे से हर दूसरे-तीसरे दिन फलदार वृक्षों से लदी ट्रॉलियां गुजरती हैं। अगर क्षेत्र में पेड़ो का कटान नहीं हो रहा है तो यह लकड़ी कहां से आती है। बताया कि नवादा मोड़ पर पुलिस चौकी होने के बावजूद पुलिस या वन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस संबंध में वन दरोगा राम प्रसाद वर्मा ने कहा कि उन्हें सूचना मिली है कि एक हरा आम का वृक्ष काटा गया था। मामले की जानकारी की जा रही है। वहीं, थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने कहा कि वृक्ष कटान रोकने का काम वन विभाग का है।अगर उन्हें कोई जानकारी मिलती है तो वे वन विभाग को सूचित करेंगे।

# 45 शिकायतों में सात का किया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादी का प्रार्थना पत्र लेते डीएम।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को सुना।

शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 45 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 7 का तत्काल निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान 4 व्यक्तियों को राशन कार्ड भी वितरण किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार पांडेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में पांच समस्याओं का निस्तारण

**तिलहर :** शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम जीत सिंह की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान लोग 38 समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए तत्काल शिकायत मिलने पर संबंधित थानाध्यक्ष कदम उठाएं। इस दौरान पुलिस क्षेत्र अधिकारी ज्योति यादव, नायब तहसीलदार, आपूर्ति निरीक्षक आलोक सिंह, सौरभ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### अधिकारियों ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**कलानः** तहसील परिसर में शनिवार को उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुईं। संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। रवि कुमार राणा खंड विकास अधिकारी, सोनी शुक्ला थाना प्रभारी मिर्जापुर, एसआई ओम प्रकाश थाना परौर , एस आई जयप्रकाश थाना कलान कानूनगो विश्राम सिंह सहित अन्य कानूनगो तथा लेखपाल शशिकांत मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आकर बिहार के धर्मेंद्र कुमार की हुई थी मौत

**तिलहर, अमृत विचार :** ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात युवक की मौत हो गई थी। उसकी शिनाख्त बिहार निवासी धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई। शुक्रवार रात लगभग 10 :30 बजे कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव धनेला पल्टू के निकट रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटा हुआ एक अज्ञात शव देखा गया। इसकी सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई। एसआई गौरव कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक का शव कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक की जेब से बरामद मोबाइल के डायल में मौजूद नंबर डायल करने पर मृतक की शिनाख्त बिहार के बेगूसराय जनपद निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र राजेंद्र शाह के रूप में हुई। मृतक के परिजनों को दुर्घटना की सूचना दे दी गई है।

# न्यूज डायरी



## नारी सशक्तिकरण मुद्दे पर किया नुक्कड़ नाटक का मंचन

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** भारतेंदु नाट्य अकादमी, लखनऊ के बैनर तले महानगर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के अंतर्गत नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का सफल मंचन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय के जरिए महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटकों को देखने के लिए स्थानीय दर्शकों ने कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए इस पहल की सराहना की।

आयोजन में सोनू, सुमित, अनिल, रचिन आदि कलाकारों ने अपने अभिनय से नाटक को जीवंत बनाया।



## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में छात्राओं ने बनाए चित्र

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के समर्थन में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में चित्रकला व सैंड आर्ट कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं ने अधिनियम के समर्थन को अपनी कला के माध्यम से व्यक्त किया। छात्राओं ने महिलाओं के लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण के समर्थन को चित्रों व सैंड आर्ट के माध्यम से प्रदर्शित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रूपांशुमाला ने छात्राओं के कला की सराहना की। कार्यक्रम में मानसी, गीतांजलि, यामिनी, संध्या, सुषमा, पुष्पांजलि, रुचि, महक, गरिमा, अनामिका, अंजलि, प्राची आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया। यामिनी के बनाए गए सैंड आर्ट की विशेष प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर अनुराधा, पारुल यादव, माया देवी, डॉ मनोरमा शुक्ला, सीतू सक्सेना का विशेष योगदान रहा।



## मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि व्यापार संगठन के प्रदेशाध्यक्ष किशोर कुमार गुप्ता, स्कूल निदेशक मयंक बियानी और प्रधानाचार्य प्रियंका बियानी ने मेधावी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में कक्षा 4 के मनोग्य बियानी, कक्षा 3 की अविका चौधरी, कक्षा 2 की प्रस्तुति पांडे, कक्षा 1 के आदर्श मिश्रा, यूकेजी के आर्यांश मिश्रा, एलकेजी के अव्यान सेठ और तान्विका सिंह, तथा नर्सरी के वैभव को शानदार प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक व प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। मुख्य अतिथि किशोर गुप्ता मेधावी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा एक बेहतर भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने छात्रों को हमेशा जिज्ञासु और निरंतर बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया। निदेशक मयंक बियानी और प्रधानाचार्य प्रियंका बियानी ने सफल छात्रों को नित नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया।



## जेसीआई ने किया फायर ऑफिसर्स को सम्मानित

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** जेसीआई की ओर से सल्यूट अ साइलेंट स्टार कार्यक्रम के अंतर्गत अग्निशमन केंद्र में कार्यरत फायर ऑफिसर्स को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अग्निशमन अधिकारी बीएन पटेल ने कहा कि अग्निकांड के दौरान कार्य करते समय सबसे ज्यादा समस्या अग्निशमन वाहन को गंतव्य तक पहुंचना होता है। जिसमें मार्ग अवरुद्धता के कारण काफी समस्या होती है। जेसीआई अध्यक्ष नवनीश कटियार ने कहा कि आज संस्था की ओर से "सल्यूट अ साइलेंट स्टार" कार्यक्रम के अंतर्गत अग्निशमन केंद्र में कार्यरत फायर ऑफिसर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान फायर ऑफिसर के साहस, समर्पण एवं निस्वार्थ सेवा भावना की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जेसी नवनीश कटियार, जेसी अमित वर्मा, जेसी भुवन बंसल, जेसी अभिषेक जायसवाल, जेसी अमन मलिक, जेसी तरुण गुप्ता, जेसी विपिन रस्तोगी आदि सदस्य उपस्थित रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### शादी से पहले युवती प्रेमी के साथ फरार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सिंधौली थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 21 वर्षीय पुत्री को पड़ोस का एक युवक अगवा करके ले गया है। उसकी पुत्री का 29 अप्रैल को निकाह है और पूरी तैयारी हो चुकी है। उन्होंने दहेज के लिए बाइक खरीदकर रख ली थी। उसकी बेटी ढाई लाख रुपये और जेवर साथ में ले गयी है। आरोपी दूसरे संप्रदाय का है। उसकी बेटी का मोबाइल बंद है। पीड़ित ने मांग की है कि रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाए।

### छात्र को बेल्टों से पीटकर किया घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सदर बाजार थाना के मोहल्ला तिलहर जई निवासी नरेश चंद्र मौर्या ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसका बेटा वैभव मौर्य सेंट पॉल्स कॉलेज में कक्षा 12 में पढ़ता है। एक सप्ताह पूर्व कॉलेज की छुट्टी होने के बाद कॉलेज के बाहर उसके बेटे को कुछ लड़कों ने पकड़ लिया और स्कूटी जबरन बैठाकर खन्नौत नदी पीपल घाट पर ले गए। आरोप है कि आरोपियों ने उसके बेटे को बेल्टों से पीटकर घायल कर दिया। वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अकीज निवासी महमंद जलालनगर, अली रजा निवासी अंटा थाना सदर बाजार और रियासत अली व फैजान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### सरकारी कार्य में बाधा डालने पर रिपोर्ट

शाहजहांपुर, अमृत विचार : चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि सड़क निर्माण में कुछ लोग बाधा डाल रहे थे। जो सड़क का निर्माण कार्य नहीं होने दे रहे थे। सड़क निर्माण कराने वाले कर्मचारियों को धमकी देकर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। पुलिस ने डा नफीस और पंकज के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

### ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : थाना जलालाबाद के मोहल्ला जगदग्निनगर निवासी पूजा गुप्ता ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी चार साल पहले गौरव गुप्ता निवासी कमलबाग थाना पुवायां के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वाले चार पहिया वाहन के लिए प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि एक माह पूर्व ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति गौरव समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# शिक्षामित्रों के वेतन में वृद्धि से खुशी की लहर

## प्रभारी मंत्री ने गुब्बारे उड़ाकर बच्चों को पुस्तकें वितरित कीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


सम्मेलन में शिक्षामित्र को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप।

**अमृत विचार :** प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में गन्ना शोध संस्थान में शिक्षामित्र सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने स्कूल चलो अभियान के तहत गुब्बारे उड़ाकर बच्चों को पुस्तकें वितरित कीं।

शनिवार को आयोजित समारोह में प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षामित्र के वेतन वृद्धि से उनके परिवार में खुशी के लहर आई है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। शिक्षक समाज को आइना दिखाना और बच्चों को भविष्य के सपनों को पूरा करने का कार्य करते है। शिक्षकों द्वारा देश के विकास की नींव रखी जाती है। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र का मानदेय बढ़ाकर मुख्यमंत्री ने चेहरे पर खुशी लाने का कार्य किया है।

प्रभारी मंत्री ने शिक्षामित्रों की तारीफ करते हुए कहा कि जब बेसिक शिक्षा की पूरी व्यवस्था चौपट हो चुकी थी, तब शिक्षामित्र ने स्कूलों के बंद ताले खोलने का काम किया और पूरी निष्ठा लगन और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। मुख्यमंत्री ने पुनः महंगाई को देखते हुए मानदेय में 80 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 18000 रुपये प्रतिमाह मानदेय देने का कार्य किया है। शिक्षामित्रों की समस्याओं का सरकार जल्द ही निराकरण करेगी। इससे पहले प्रभारी मंत्री ने प्रत्येक ब्लॉक के एक शिक्षामित्र को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष केसी मिश्र, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, परियोजना निदेशक अवधेश राम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, दपिंदर कौर, निकहत परवीन, राम पूत पाल, वेद वर्मा, श्याम लाल यादव, डीसी प्रशिक्षण रोहित सिंह अखिल सक्सेना, सुबोध वर्मा, राकेश मिश्रा, विचित्र सिंह, राजीव यादव आदि मौजूद रहे।

## खेत पर सांप के डसने से किसान की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खेत पर फसल में पानी लगा रहे एक किसान को सांप ने पैर में डस लिया। परिवार वाले उसे सुनासर घाट पर एक वैध के पास ले जा रहे थे कि रास्ते में किसान की मौत हो गयी।


वागीश।

बंडा थाना क्षेत्र के सैदापुर निवासी 32 वर्षीय वागीश शुक्रवार की शाम पांच बजे अपने खेत पर फसल में पानी लगा रहे थे। सांप ने उसके एक पैर में काट लिया। उसकी तबीयत खराब होने पर परिवार बंडा क्षेत्र में सुनासर घाट पर एक वैध के पास दिखाने के लिए ले जा रहे थे। रास्ते में वागीश को प्यास लगी तो परिवार वालों ने उसे पानी पिला दिया। पानी पिलाते ही उसकी मौत हो गयी। वह अपने पीछे पत्नी मधु और दो बच्चों को छोड़ गए है। परिवार वालों ने बंडा थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक की सांप के काटने से मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# युवक का संदिग्ध अवस्था में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


मृतक विनय सिंह।

- शरीर पर मिले चोट के निशान
- बाइक में खरोच नहीं
- इलाज के दौरान तोड़ा दम

- परिवार वालों का हादसा मानने से इनकार, कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** मोहम्मदी रोड पर एक युवक घायल अवस्था में संदिग्ध हालत में पड़ा था। रोजा पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार वाले दुर्घटना नहीं बल्कि घटना मान रहे है। उनका कहना है कि बाइक पर खरोच तक नहीं है। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

रोजा थाना क्षेत्र के गांव सल्लिया निवासी 35 वर्षीय विनय सिंह सोलर पैनल लगाने का काम करते थे। 10 अप्रैल को वह काम पर गए थे और शाम चार बजे घर लौट आए थे। कुछ देर बाद मालिक का फोन आया और जरुरी काम बताकर विनय सिंह को बुला लिया यया।

इसके बाद वह उसी दिन रात 9 बजे मोहम्मदी रोड पर जमालपुर गांव के सामने सड़क के किनारे घायल अवस्था में पड़े मिले थे। उनकी बाइक सड़क के किनारे पड़ी थी। रोजा पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी के करने के उसके परिवार वालों को सूचना दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज भेज दिया। यहां डॉक्टर ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। शुक्रवार की शाम घायल विनय की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार वाले उसका शव लेकर रोजा थाना पर आ गए।

मृतक के भाई विवेक सिंह ने बताया कि उसके शरीर में चोट के निशान थे, लेकिन बाइक में खरोच तक नहीं थी। उन्होंने कहा कि कोई दुर्घटना नहीं लग रही, बल्कि उनके साथ कोई घटना हुई है। उन्होंने मांग की है कि इसकी जांच की जाए। उसका आरोप है कि खेत के विवाद को लेकर उसे बराबर धमकियां मिल रही थी। मृतक अपने पीछे पत्नी खुशबू और दो बच्चे छोड़ गया है। रोजा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## महिला का शव दुपट्टे से लटका मिला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** बरौरा गांव में एक महिला का शव कमरे में कुंडे से दुपट्टे से लटका हुआ मिला है।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव बरौरा निवासी 25 वर्षीय रेशमा की शादी दो साल पहले सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव कारी नौसारा में अनिल के साथ हुई थी। तीन माह पहले अनिल ने घरेलू विवाद के चलते गांव के बाहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पति की मौत के बाद रेशमा अपने मायके में रह रही थी। उसकी कोई संतान नहीं थी।

पति की मौत के बाद वह काफी परेशान थी और चिंता में डूबी रहती थी। उसके पिता राधेश्याम समय से फालिज रोग से परेशान है। उनका इलाज चल रहा है।

उसके चार भाई दिल्ली में नौकरी करते है। शनिवार की दोपहर उसने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। शाम पांच बजे परिवार वालों ने उसे लटका हुआ देखा।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि किसी ने थाने पर कोई सूचना नहीं दी है।

# पति से विवाद के बाद पत्नी ने खाया जहर, मौत

संवाददाता, बंडा

- पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लिया

**अमृत विचार :** बंडा के गांव पमार नगला निवासी विजयपाल की 38 वर्षीय पत्नी राजेश्वरी का उसके ही पति से किसी बात को लेकर बृहस्पतिवार देर शाम विवाद हो गया। इससे नाराज होकर राजेश्वरी देवी ने शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

जानकारी होने पर उसका पति विजयपाल उसे लेकर पहले बंडा के एक निजी क्लीनिक पर गया। यहां उसे लेकर सरकारी अस्पताल में पहुंचा, लेकिन डॉक्टर ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां से उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। यहां डॉक्टर ने उसकी हालत में सुधार नहीं देखा और उसे बरेली ले जाने के लिए बोला। इस पर परिवार के लोग उसे बरेली लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इस बात की जानकारी जब राजेश्वरी देवी के परिवार वालों को हुई तो उन्होंने बंडा थाने में तहरीर देकर उसके पति के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। जिस पर पहुंची बंडा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। शनिवार शाम करीब चार बजे उसका शव गांव पहुंचा जिसके बाद पुलिस की देख देख में उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

वहीं, पुलिस ने उसके पति विजयपाल को हिरासत में लिया है। ग्रामीणों के मुताबिक उसकी शादी को 18 वर्ष बीत चुके थे, लेकिन उसे संतान नहीं हो रही थी। इस पर उसने तीन वर्ष पहले किसी लड़की को गोद लिया था जिसे उसकी मां उसे रोता बिलखता छोड़कर चली गई।

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने को प्रशासन सख्त

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए जनसामान्य से अपील की है।

18 वर्ष से कम आयु की किशोरियों एवं 21 वर्ष से कम आयु के किशोरों का विवाह कराना कानूनन अपराध है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत ऐसा करने पर 2 वर्ष तक की सजा या 1 लाख तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। जिलाधिकारी ने महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 की टीम एवं अन्य विभागों को सतर्क रहते हुए त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# युवती ने गर्रा में जान देने के लिए लगाई छलांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


गर्रा नदी के किनारे लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

- कपड़े धो रहे व मछली पकड़ रहे लोगों ने बचाया
- पुलिस ने युवती को मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया

**अमृत विचार :** गर्रा नदी पुल पर युवती ने नदी में आत्महत्या करने के उद्देश्य से छलांग लगा दी। नदी के किनारे कपड़े धो रहे लोग व मछली मार रहे लोगों ने उसे बचा लिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और युवती को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। सूचना पर परिवार वाले अस्पताल पहुंच गए और उसे घर पर ले गए।

गर्रा नदी पुल पर शनिवार की सुबह सात बजे एक 22 वर्षीय युवती आई और पुल की रेलिंग के पास खड़ी हो गयी। बताते है कि वह कान में हेडफोन लगाकर किसी से बात कर रही थी। हालांकि यह स्पस्ट नहीं हो पाया कि वह किससे बात कर रही थी। इसी बीच पुल के एक किनारे पर रेलिंग पर चढ़ी और नदी में छलांग लगा दी। राहगीरों ने उसे नदी में कूदते देखा तो शोर मचाया कि युवती कूद गयी। नदी के किनारे कपड़े धो रहे तथा मछली मार रहे लोग नदी में कूद गए। लोगों ने युवती को नदी से बाहर निकाल लिया। लोगों चौक कोतवाली को सूचना दी। राजघाट पुलिस चौकी और कोतवाली के सिपाही मौके पर पहुंच गए और युवती से पते के बारे में जानकारी की। पुलिस ने उसके परिवार वालों को सूचना दी। पुलिस ने युवती को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। सूचना पर परिवार वाले अस्पताल पहुंच गए। परिवार वाले उपचार के बाद उसे घर ले गए। युवती ने पुलिस को बताया कि उसे नहीं पता कि वह नदी में कैसे गिर गयी। उसके कान में हेडफोन लगा हुआ था। युवती थाना सदर बाजार क्षेत्र की रहने वाली है।

### नदी की पुल की रेलिंग पर लटका युवक

शनिवार की दोपहर हनुमत धाम खन्नौत पुल की रेलिंग पर एक युवक जान देने के उद्देश्य से लटक गया। वह रेलिंग पर लटका हुआ था। लोगों की भीड़ लगी हुई थी। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की नजर पड़ी की, एक युवक पुल की रेलिंग पर लटका हुआ है। लोगों ने उसे पकड़कर रेलिंग से सड़क पर लाए। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती रेती का अभिषेक था। उसके परिवार वालों को सूचना दी गयी। बताते है कि परिवार वालों से नाराज होकर पुल पर पहुंचा था। परिवार वाले आए और उसे अपने साथ ले गए। इस दौरान बजरंग दल के महानगर संयोजक हर्षित गुप्ता, अजीत कुमार, रमेश कुमार आदि कार्यकर्ताओं ने तत्परता दिखाते हुए उसकी जान बचा ली।

# सड़क दुर्घटनाओं में किसान समेत दो की मौत

संवाददाता, कलान/शाहजहांपुर


सादिक


टिंकू

- कलान क्षेत्र में हुए हादसे, परिवार में मचा कोहराम

**अमृत विचार :** कलान थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में किसान समेत दो लोग घायल हो गए थे। दोनों घायलों की इलाज के दौरान मौत हो गई।

कलान थाना क्षेत्र के गांव गुंदाह निवासी 30 वर्षीय टिंकू शुक्रवार को ट्रैक्टर-ट्राली से कलान मंडी में गेहूं बेचने के लिए गया था। दोपहर बाद वह गेहूं बेचकर वह घर वापस लौट रहा था। कलान-विक्रमपुर रोड पर आंधी देई गांव के सामने ट्रैक्टर -ट्राली खड़ी कर दी और पानी पीने के लिए सड़क पार कर रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर परिवार और पुलिस वाले पहुंच गए। परिवार वाले घायल को लेकर सीएचसी पर आए। डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। परिवार वाले घायल को लेकर बदायूं अस्पताल लेकर जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी दो बेटी और दो बेटे छोड़ गया है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पिता सत्यराम ने बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उधर, दूसरी घटना टेंपो और बाइक की टक्कर से हुई बताया जाता है कि टेंपो म्याऊं (बदायूं) से सवारियां भरकर जलालाबाद जा रहा था। वहीं मिर्जापुर की तरफ से बाइक सवार दो युवक आ रहे थे। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रुकनपुर अरिल पुल के बीच आमने सामने की टक्कर में टेंपो पुल की रेलिंग में घुस गया। जिसकी चपेट में आकर दर्जन भर लोग घायल हुए थे। इनमें गंभीर अवस्था में घायल जलालाबाद नगर स्थित मंडी रुस्तमपुर चक निवासी सादिक 50 वर्ष समेत सभी घायलों को कलान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। सादिक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया । यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### हादसे में चौकीदार की मौत

बंडा थाना क्षेत्र के गांव अजमतपुर निवासी 45 वर्षीय देवेंद्र कुमार सहकारी समिति में चौकीदार थे। उसकी बेटी मनू की निगोही क्षेत्र में ससुराल है। वह अपनी बेटी की ससुराल गया था। वह अपनी बेटी की ससुराल से गुरुवार की शाम सात बजे छोटी बेटी अनू के साथ बाइक से लौट रहा था। मीरपुर गांव के सामने ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे देवेंन्द्र कुमार घायल हो गए। पुलिस ने घायल को सीएचसी पर भेज दिया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी पुत्री घायल हो गयी। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

## बाग में खड़े पेड़ों को चोरी से काटा

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** गांव सियुरा निवासी शिव सरन सिंह के बाग में पेड़ों का काटने के बाद कुछ लकड़ी गायब कर दी गई है। पीड़ित ने वन विभाग और थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

सियुरा निवासी शिव सरन सिंह का पड़ोसी गांव दाउदपुर के रकबे में एक बाग है। बाग में खड़े आम के पेड़ों में से कुछ पेड़ों का ऊपरी हिस्सा पड़ोसी किसान गजेन्द्र सिंह ने अपने भाई धीरेन्द्र सिंह के साथ मिलकर बृहस्पतिवार की देर रात काटकर कुछ लकड़ी गायब कर दी। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# सिपाही ने थाने में प्रेमिका से की शादी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पंचायत के बाद समझाने पर राजी हुए सिपाही के परिवार वाले

**अमृत विचार :** सिपाही ने प्रेमिका से शादी करने से मना कर दिया। प्रेमिका परिजनों के साथ सिपाही के घर पहुंची और शादी की जिद पर अड़ गई। मामला महिला थाना पहुंचा। यहां काफी देर तक पंचायत चली। बमुश्किल सिपाही और उसका परिवार वाले शादी को तैयार हुए। थाना परिसर में पंडित को बुलाकर दोनों की शादी कराई गई। बताया जा रहा है कि दोनों अलग-अलग जाति के है।

सिपाही मुकेश पुलिस लाइन में रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर पर पीटीआई के पद पर तैनात है। सिपाही हरदोई जिले के एक गांव का रहना वाला है। उनका गांव में एक ही प्रेम-प्रसंग चल रहा था। पिछले करीब तीन साल से दोनों लोग एक-दूसरे को जानते थे और अलग-अलग जाति के है। प्रेमिका ने प्रेमी सिपाही से शादी करने के लिए कहा तो सिपाही ने शादी करने से मना कर दिया। प्रेमिका ने सिपाही को मनाने का बहुत प्रयास किया, लेकिन वह राजी नहीं हुआ। यह बात दोनों के परिवार वालों को मालूम हुई। सिपाही के परिवार वाले शादी करने को तैयार नहीं थे और प्रेमिका के घर वाले शादी को तैयार थे। शुक्रवार को हरदोई से प्रेमिका एसपी कार्यालय पहुंची और एसपी सौरभ दीक्षित को पूरा प्रकरण बताया। उसने कहा कि सिपाही से शादी करना चाहती है और कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहती है। एसपी ने प्रकरण के निस्तारण के लिए सिपाही के साथ महिला थाना भेज दिया। महिला थाना प्रभारी ने दोनों पक्ष के परिवार वालों को शनिवार को बुलाया। दोनों पक्ष के परिवार वाले पहुंचे। प्रेमिका शादी पर अड़ी थी, लेकिन सिपाही शादी से मना कर रहा था। महिला थाना प्रभारी ने सिपाही और उसके परिवार वालों को समझाया की, शादी नहीं की तो कानूनी कार्रवाई हो सकती है। सिपाही और उसके परिवार वाले शादी को राजी हो गए। प्रेमी-प्रेमिका की थाना परिसर में मंदिर में शादी करायी गई। पंडित को बुलाकर फेरे लगाकर सिपाही ने प्रेमिका की मांग में सिन्दूर भरा। एसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि एक युवती उनके पास आई थी। उसने एक प्रार्थना पत्र दिया था। युवती ने सिपाही पर आरोप लगाया था। उन्होंने युवती को महिला थाना भेजकर जांच के निर्देश दिए थे। दोनों ने आपसी सहमति से शादी कर ली है।

# कूदीं महिलाएं तो 15 मिनट खड़ी रही ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


रेलवे स्टेशन पर महिलाओं से पूछताछ करती आरपीएफ। ● अमृत विचार

- महिलाएं किसी को ट्रेन पर चढ़ाने आई थीं, आरपीएफ ने की पूछताछ

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर चलती अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन से महिलाएं कूद गयी। इस दौरान ट्रेन पर अफरा-तफरी मच गयी। ट्रेन करीब 15 मिनट खड़ी रही। आरपीएफ तुरंत मौके पर पहुंची और कूदी महिलाओं को पकड़ लिया। महिलाएं किसी को ट्रेन पर चढ़ाने आई थी और प्लेटफार्म टिकट न होने पर रशीद काटी गयी।

आनंद बिहार से हावड़ा जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन शनिवार को प्लेटफार्म एक पर एक बजकर 44 मिनट पर आकर रुकी। कुछ पश्चिम बंगाल की महिलाएं किसी को ट्रेन में चढ़ाने के लिए आयी थी। महिलाओं ने रिश्तेदार को को कोच के अंदर बैठा दिया। इस दौरान दो मिनट ट्रेन लखनऊ के लिए चल दी। चलती ट्रेन से महिलाएं और पुरुष कूदने लगे। जो प्लेटफार्म कूद-कूदकर गिर गयी। किसी ने ट्रेन को चेन पुलिंग करके रोक दिया। महिलाओं के ट्रेन से कूदने पर प्लेटफार्म पर अफरा-तफरी मच गयी। आरपीएफ, रेलवे अधिकारी और टीटीई स्टाफ एकत्रित हो गए। आरपीएफ ने इन महिलाओं को पकड़ लिया और पूछताछ की। महिलाओं ने बताया कि किसी रिश्तेदार को ट्रेन में चढ़ाने आए थे और ट्रेन चल दी तो मजबूरन कूदना पड़ा। इधर लोको पायलट ने चेन पुलिंग की सूचना दी। कैरिज विभाग के कर्मचारी ट्रेन में पहुंचे और वैक्यूम को ठीक किया। महिलाओं के पास प्लेटफार्म टिकट न होने पर उनकी रशीद काटी गयी। ट्रेन की दो बार चेन पुलिंग हुई। अमृत भारत ट्रेन करीब 15 मिनट खड़ी रही और लखनऊ के लिए रवाना हो गयी।

## निर्माणाधीन मैरिज लान लिंटर गिरा दो मजदूर घायल

**जलालाबाद, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के याकूबपुर में फर्रुखाबाद रोड पर कुछ दिनों से डॉ. अनुराग गुप्ता के मैरिज हॉल निर्माण कार्य चल रहा था। शनिवार की दोपहर चार बजे अचानक लिंटर भरभराकर नीचे गिर गया।

लिंटर डालते समय शटरिंग का काम भी जारी था। लिंटर गिरने से नीचे काम कर रहे तीन मजदूर मलबे में दब गए। इस दौरान अफरा-तफरी मच गयी। लोगों ने मलवा हटाकर दबे तीन मजदूरों को बाहर निकाला गया।

गंभीर रूप से घायल भोले निवासी खेड़ा थाना जलालाबाद और सचिन निवासी वरुआ थाना मदनापुर को सीएचसी पर भेज दिया गया।

# परामर्श केंद्र पर 35 दंपतियों की सुनवाई, 6 का समझौता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पति बोले-अब नहीं पिएंगे शराब आपस में मिलकर रहेंगे

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया। परामर्श केंद्र पर 35 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिसमें 06 दंपतियों ने समझौता कर लिया। अन्य लोगों को अगली तारीख दे दी गयी। समझौते के दौरान पति ने कहा कि अब शराब नहीं पिएंगे और नहीं मारंगे।

थाना सिंधौली क्षेत्र के एक दम्पति जिनका विवाह लगभग 14 वर्ष पहले हुआ था। दोनों के मध्य पारिवारिक विवाद उत्पन्न हो गया था। महिला 2 माह से अपने मायके रह रही थी। महिला का आरोप है कि उसके पति व देवर उसके ऊपर शक करते है तथा छोटी-छोटी बातों को लेकर उसके साथ मारपीट करते है। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया। उनकी आपस में वार्ता कराई गई तथा दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हो गए।

इसी थाना क्षेत्र के एक दंपति जिनका विवाह लगभग 02 वर्ष पहले हुआ था। दोनों के मध्य पारिवारिक विवाद उत्पन्न हो गया था। महिला 3 माह से अपने मायके निवास कर रही थी। महिला का आरोप था कि उसका पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है । दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया। दोनों पक्षों की वार्ता करायी गयी और एक साथ रहने को तैयार हो गए। सिंधौली थाना क्षेत्र के एक दम्पति जिनका विवाह लगभग 06 वर्ष पहले हुआ था।

दोनों के मध्य पारिवारिक विवाद उत्पन्न हो गया था। महिला 02 माह से अपने मायके रह रही थी। महिला का था कि उसका पति कुछ कमाता नहीं है न ही उसका कोई खाना- खर्चा देता है। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया गया। दोनों पक्षों की वार्ता करायी गयी और एक साथ रहने को तैयार हो गए। थाना रोजा क्षेत्र के एक दम्पति जिनका विवाह लगभग 02 वर्ष पहले हुआ था। दोनों के मध्य पारिवारिक विवाद उत्पन्न हो गया था। महिला 01 माह से अपने मायके रह रही थी। महिला का आरोप लगाया था कि उसका पति किसी अन्य महिला के साथ बात करता है तथा उसकी बात नहीं मानता है। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया गया और दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हो गए।

इसी थाना रोजा क्षेत्र के एक दम्पति जिनका विवाह लगभग 03 वर्ष पहले हुआ था। दोनों के मध्य पारिवारिक विवाद उत्पन्न हो गया था। महिला 01 माह से अपने मायके निवास कर रही थी। महिला का आरोप था कि उसका पति शराब पीकर मारपीट करता था। दोनों पक्षों को वार्ता करायी गयी और एक साथ रहने को तैयार हो गए। थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के एक दम्पति जिनका विवाह लगभग 13 वर्ष पहले हुआ था। दोनों के मध्य पारिवारिक विवाद उत्पन्न हो गया था।

महिला 3 माह से अपने मायके रह रही थी। महिला का आरोप लगाया गया कि उसका पति शराब पीकर मारपीट करता है तथा कुछ कमाता नहीं है, जो कमाता है उसकी शराब पी जाता है । पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाया और आपस में वार्ता करायी तथा दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हो गए। इस मौके पर परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी मधु यादव, महिला परामर्शदाता शशिप्रभा कौशल, मुख्य आरक्षी चन्द्रकान्ता,महिला आरक्षी मोनिका कुमारी, बबीता, साकेत मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम राजेश कुमार ने संभाला चार्ज

**बिल्सी,अमृत विचार :** बीती शाम डीएम अवनीश कुमार राय ने एसडीएम के कार्यक्षेत्र बदले थे। सदर तहसील में तैनात एसडीएम न्यायिक पद पर तैनात राजेश कुमार सिंह को बिल्सी का एसडीएम बनाया है जबकि यहां तैनात एसडीएम प्रेमपाल सिंह को जिला राजस्व अधिकारी के पद पर तैनाती दी गई। नवागत एसडीएम राजेश कुमार सिंह ने शनिवार की सुबह तहसील कार्यालय पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के मुताबिक जनता की समस्याओं का समय पर निराकरण करना ही प्राथमिकता रहेगी।

### माटीकला रोजगार योजना में मांगे आवेदन

**दातागंज, अमृत विचार :** ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना संचालित है। योजना के तहत आवेदकों मांग गए हैं। इस योजना के तहत शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों एवं पारंपरिक कारीगरों को माटीकला उद्योग स्थापित करने के लिए 50 हजार से लेकर दस लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

### दो शिकायतों का हुआ निराकरण

**बिल्सी,अमृत विचार :** शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में नवागत एसडीएम राजेश कुमार सिंह ने शिकायत सुनीं। उनके समक्ष 33 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें से दो का मौके पर निराकरण किया गया। साथ ही शेष शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर सीओ केके तिवारी, तहसीलदार प्रज्ञा सिंह, बीईओ गौतम प्रकाश, बीडीओ शैली गोविल, पूर्ति निरीक्षक धीरज गुप्ता, हरपाल सिंह, विनोद कुमार साहू आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने संभाला पदभार

**दातागंज, अमृत विचार :** डीएम अवनीश राय के तबादला आदेश के बाद शनिवार को नवनियुक्त एसडीएम विनोद सिंह ने पदभार ग्रहण कर दिया। पदभार ग्रहण करने के दौरान एसडीएम ने कहा कि शासन एवं डीएम के आदेशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराया जायेगा। तहसील में सबसे ज्यादा समस्या अवैध कब्जों को लेकर है। इस दिशा में कठोर कदम उठाए जाएंगे। भू माफियाओं व अवैध कब्जेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# एसडीओ व जेई निलंबित लाइनमैन बर्खास्त

## धिमरपुरा में खंभे पर हुई युवक की मौत के बाद विभाग ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बिसौली क्षेत्र में बिजली विभाग में संविदा कर्मी की खंभे पर काम करते समय हुई दर्दनाक मौत के मामले में विद्युत विभाग ने कड़ा एक्शन लिया है। लापरवाही सामने आने पर चार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है जिसमें संबंधित एसडीओ व जेई को निलंबित किया गया है जबकि विद्युत उपकेंद्र परिचालक की सेवा समाप्त की गयी है। लाइनमैन को भी बर्खास्त कर दिया गया है। इस कार्रवाई से विद्युत विभाग में हड़कंप मच गया है।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के ग्राम धिमरपुरा हाईटेंशन लाइन में शुक्रवार को तकनीकी खराब आ गई थी जिस पर एक युवक अरविंद को लाइन ठीक करने को बुलाकर ले गया। अरविंद बिजली लाइनों पर छोटे-मोटे काम करता रहता है, इसलिए लोग उससे ही काम करा लेते हैं। अरविंद खंभे पर चढ़ गया। वह ठीक कर रहा था तभी उसे करंट लग गया। करंट लगने से वह ऊपर तारों से चिपककर जलने लगा। कुछ देर बाद उसका सिर धड़ से अलग होकर नीचे गिर गया जबकि उसका धड़ तारों में जलता रहा। बुलाकर ले जाने वाला युवक यशवीर मौके से भाग गया। अरविंद का धड़ काफी देर तक खंभे पर लटका रहा। इस घटना की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता नरेंद्र कुमार भी घटनास्थल पर पहुंच गए। प्रशासनिक अधिकारियों के पहुंचने पर शव को नीचे उतारा गया। ग्रामीणों ने विद्युत कर्मचारियों का भारी विरोध किया लेकिन पुलिस बल ने ग्रामीणों को शांत करा दिया। इस घटना की जांच अधीक्षण अभियंता ने अपने स्तर से कराई तो इसमें विद्युत कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई। इस पर शनिवार को उन्होंने बिसौली के अवर अभियंता जितेंद्र और एसडीओ सौरभ कुमार को निलंबित कर करते हुए विद्युत उपकेंद्र परिचालक की सेवा समाप्त कर दी, साथ ही, लाइनमैन को भी बर्खास्त कर दिया।

अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि जांच में जो कर्मचारी दोषी पाए गए हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। अब मामले की विभागीय जांच शुरू कर दी है।

### करंट लगने से हो चुकी हैं कई घटनाएं

जनपद में पहले भी कई बड़े हादसे हो चुके हैं लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते कार्रवाई के नाम पर जांच कराने की बात कह कर पल्ला झाड़ लिया गया। पिछले दो दिन में दो युवकों की करंट लगने से मौत हो चुकी है फिर भी विभाग सुरक्षात्मक उपाय नहीं किया जा रहा है। दो साल पूर्व बिसौली में छत के ऊपर झूल रही हाईटेंशन लाइन के तार से मां- बेटे की मौत हो चुकी है। इसके साथ अन्य कई घटनाएं हो चुकी हैं।

- लापरवाही पर उपकेंद्र परिचालक की सेवा हुई समाप्त

## दो सगी बहन और महिला लापता दर्ज हुई रिपोर्ट

**संवाददाता, विजय नगला,अमृत विचार :** दो अलग-अलग गांव से दो सगी बहन और एक महिला लापता हो गईं। परिजनों ने बहला-फुसलाकर ले जाने की तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है।

दो सगी बहनों के परिजनों ने तहरीर देकर बताया कि वह दोनों बिनावर जाने की बात कहकर घर से निकली थीं लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। रिश्तेदारी में जानकारी करने पर भी पता नहीं चला। आरोप लगाया कि उसावां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक दोनों बहनों को बहलाकर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज किया। वहीं दूसरे मामले में व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी की थी। वह एक सप्ताह पहले ही ससुराल से वापस आई थी। रिश्तेदारी में जानकारी करने पर भी पता नहीं चला। दो दिन पहले वह विजय नगला जाने की बात कहकर घर से गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। आस-पास के लोगों ने बताया कि वह अपने प्रेमी के साथ गई है। पुलिस ने यह मामला भी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू की है।

# चार दिन से बिजली गुल, ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाददाता, कुंवरगांव


बिजली न आने से नाराज ग्रामीण प्रदर्शन करते हुए। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** सलारपुर ब्लाक क्षेत्र के गांव इमलिया में भीषण गर्मी के बीच चार दिन से ठप पड़ी विद्युत सप्लाई ने ग्रामीणों का सब्र तोड़ दिया। शनिवार को ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी कि जल्द सप्लाई शुरू नहीं की गयी तो आंदोलन किया जाएगा।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव की विद्युत लाइन पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, जिसके चलते आये दिन फाल्ट होते रहते हैं। चार दिन से सप्लाई पूरी तरह बाधित है, लेकिन विभागीय अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। ग्राम प्रधान नरेश पाल ने कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली सप्लाई बहाल नहीं की गई तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन में सोनपाल, विजेंद्र, योगेंद्र पाल सिंह, अजयंत समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न होने से पेयजल संकट गहरा गया है। गर्मी में हालात बेहद खराब हो गए हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि लाइन में फाल्ट ठीक करने को कर्मचारियों को लगाया गया है। जल्द ही सप्लाई सुचारु कर दी जाएगी।, लगातार मिल रहे आश्वासन से नाराज ग्रामीण अब ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।चार दिन से बिजली न आने से गांव में अंधेरा छाया है। जिससे ग्रामीणों को चोरी जैसी घटनाओं का डर बना हुआ है। घर में बिजली उपकरण पंखा, कूलर, फ्रिज,टीवी शोपीस बने हुए हैं। ग्रामीणों ने जेई पर लाइन ठीक करने के नाम पर उगाही का आरोप लगाया है।

## बिजली के तारों से उठी चिंगारी, गेहूं की फसल हुई राख

**दबतोरी,अमृत विचार :** तहसील बिसौली क्षेत्र के ग्राम ललुआ नगला में शनिवार को अजय पाल सिंह के खेत में बिजली के तारों से उठी चिंगारी से आग लग गई। इससे डेढ़ एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। शुक्रवार देर रात क्षेत्र में आंधी और हल्की बूंदाबांदी हुई। इसी आंधी में यूकेलिप्टस का पेड़ बिजली के तारों पर जा गिरा। शनिवार दोपहर को जब बिजली सप्लाई शुरू हुई तो उसमें चिंगारी उठी और गेहूं की फसल में जा गिरी। बिजली की चिंगारी गेहूं में जा गिरी, इससे फसल में आग लग गई। आग की लपटों से किसान के पूरे खेत की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना पर खेत मालिक और गांव के दर्जनों लोग पहुंच गए। लेकिन वह फसल को नहीं बचा सके। आसपास के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को किसी तरह बचाया जा सका।

## दुष्कर्म करने के प्रयास के दोषी को 10 साल का कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दोषी पर लगाया 40 हजार रुपये जुर्माना, पीड़िता को दी जाएगी

**अमृत विचार :** नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दिनेश तिवारी ने दोषी पाते हुए दस साल के कठोर कारावास समेत चालीस हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की पूरी धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाएगी। यह सजा पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत सुनाई गई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादिनी मुकदमा ने थाना अलापुर में 14 जुलाई 2022 को तहरीर दी थी कि 13 जुलाई 2022 को वह अपने बच्चों सहित घर में सो रही थी। उसके घर के दरवाजे पर किबाड़ नहीं हैं। रात दो बजे गांव निवासी दिनेश पुत्र पप्पू आया और उसकी 11 साल की लड़की को सोते समय गोद में उठाकर पास के खाली पड़े मकान में ले गया। जहां ले जाते समय लड़की की नींद खुल गई। आरोपी ने लड़की का मुंह हाथ से बंद कर दिया। अश्लीलता करने लगा। इसी दौरान लड़की के भाई ने शोर मचाया। महिला भी जाग गई। वह दोनों घर से बाहर गए तो पास के मकान से लड़की के चिल्लाने की आवाज आ रही थी। महिला मकान पर पहुंची। उन्हें देखते ही आरोपी दिनेश भाग गया। न्यायालय में दिनेश उर्फ प्रधान पुत्र पप्पू पर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष की विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी को पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत सजा सुनाई।

# वन विभाग रोड नाले की जेसीबी से सफाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नगर पालिका प्रशासन ने मानसून की बारिश से पहले ही शहर के नालों की सफाई शुरू कर दी है, ताकि बारिश के समय सड़कों पर जलभराव न हो सके। इसको लेकर नगर पालिका की जेसीबी ने शनिवार को वन विभाग रोड स्थित बड़े नालों की सफाई की। करीब पांच फुट गहरे नाले में तीन साल बाद सफाई की गई है।

नगर पालिका प्रशासन ने मानसून की बारिश से पहले नालों की सफाई का अभियान शुरू कर दिया है। पालिका ने शहर के सात बड़े नालों को चिन्हित किया है जिसमें एक वन विभाग रोड पर है। वन विभाग रोड स्थित बड़े नाले में बारिश के समय स्थिति बेहद खराब हो जाती है। नाला बंद होने से पानी सड़कों पर भरा रहता है। जलभराव के चलते पूरा रोड बंद हो जाता है। इसलिए इस नाले की शनिवार को जेसीबी से सफाई शुरू कर दी गई। सफाई कर्मचारी ने बताया कि इस नाले में तलीझाड़ सफाई की जाएगी। नाले के नीचे मलवा जमा है। नाले की सफाई तीन दिन तक की जाएगी।

इसके बाद नई सराय, शहवाजपुर, लालपुल, पुलिस लाइन चौराहा स्थित नाला और दातागंज रोड पर बड़े नाले की जेसीबी से सफाई की जाएगी। जवाहरपुरी नाला सहित दो अन्य नालों को चिन्हित किया गया है।

लालपुल और लोटनपुरा के नाले भी गहरे हैं इन दोनों नालों की सफाई पिछले साल की गई थी फिर भी बारिश के समय आस-पास जलभराव की स्थिति बनी रही जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हुई। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि नालों की सफाई शुरू कर दी गयी है।

### शहर की नालियों में होगा मच्छर नाशक का छिड़काव

शहर के अंदर बड़ी नालियों का पानी नाले में जाता है इसलिए नालियों को साफ करने को सभासदों का सहयोग लिया जाएगा जिससे मोहल्लों में जलभराव न हो। जलभराव से हर जगह गंदगी होती है जिससे लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। गंदगी के कारण बारिश के समय मच्छरों का प्रकोप शुरू हो जाता है। नगर पालिका प्रशासन मच्छरों का प्रजनन रोकने को नालियों की सफाई के साथ ही मच्छर नाशक दवा का छिड़काव भी कराएगा।

### जगह-जगह रखे जाएंगे कूड़ेदान

शहर में गंदगी न हो इसके लिए नगर पालिका द्वारा रखे गए जगह जगह कूड़ेदानों की गिनती कराई जाएगी। जिन स्थानों पर कूड़ेदान नहीं हैं वहां पर एक महीने के अंदर नए कूड़ेदान रखे जाएंगे। इससे लोग घरों का कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें। टूटे कूड़ेदान हटाकर नए कूड़ेदान रखे जाएंगे। पालिका की ओर से अवगत कराया गया कि जल्द ही इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा।

## सोमनाथ यात्रा के लिए 11 तीर्थ यात्रियों का दल लखनऊ पहुंचा


रवाना होने से पूर्व विकास भवन में एकत्रित यात्रियों का दल। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मुख्यमंत्री आज हरी झंडी दिखाकर तीर्थ यात्रियों के दल को करेंगे रवाना

**अमृत विचार:** सोमनाथ यात्रा के लिए 11 तीर्थ यात्रियों का दल रवाना हुआ। यह दल 19 अप्रैल को लखनऊ पहुंचेगा। यहां से मुख्यमंत्री के द्वारा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

सीडीओ केशव कुमार ने बताया कि तीर्थ यात्रियों को लखनऊ से सोमनाथ आने-जाने की जिम्मेदारी सुरेन्द्र कुमार वार्ष्णेय प्रधानाचार्य, आईटीआई को दी गई है। उन्हें इस दल का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। 19 अप्रैल को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

# गर्मी में छोटे बच्चों की आंखों में बढ़ रहा इन्फेक्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गर्मी में लाल हो रहीं आंखें, तीस प्रतिशत बढ़े मरीज
- मोबाइल और टीवी देखने से आंखें हो रही कमजोर

**अमृत विचार :** गर्मी में आंखों में कई तरह की बीमारियां हो रही हैं। छोटे बच्चों और किशोरों की आंखें में इन्फेक्शन शुरू हो गया है। नेत्र चिकित्सकों के अनुसार दस दिन में तीस प्रतिशत इन्फेक्शन के मरीज बढ़े हैं। इनमें बढ़े छोटे और वृद्ध शामिल हैं। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर रखें।

गर्मी में हर साल आंखों में बीमारियां फैलती हैं। आइ्र फ्लू से लेकर इन्फेक्शन बड़ी मात्रा में फैलता है। इस बार अभी गर्मी ने अपने पूरे तेवर नहीं दिखाए हैं फिर भी आंखों में जलन और खुजली शुरू हो चुकी है। शनिवार को जिला अस्पताल स्थित नेत्र चिकित्सालय में करीब दो सौ आंखों के मरीजों को दवा दी गई। इनमें अधिकांश छोटे बच्चे शामिल रहे। नेत्र चिकित्सक उत्पल रस्तोगी ने बताया कि इस साल आंखों की बीमारियां बड़े पैमाने पर शुरू हो चुकी हैं। पिछले दस दिन में आंखों में इन्फेक्शन के तीस प्रतिशत मरीज बढ़े हैं। इनमें सात से 2 साल के बच्चे अधिक संख्या में आ रहे हैं। उनकी आंखों में जलन की शिकायत है। 16 से 18 साल तक के किशोर और किशोरियों की आंखों में दिक्कत हो रही हैं। उनकी आंखों में लालपन आ रहा है। खुजली अधिक हो रही है। अधिक हाथ लगाने से आंखों में दर्द हो रहा है। नेत्र चिकित्सक केपी सिंह ने कहा कि छोटे बच्चे और किशोर मोबाइल और टीवी से चिपके रहते हैं इसलिए भी उनकी आंखों में दिक्कत हो रही है। परिजन अपने बच्चों को मोबाइल न दें बच्चे रात को सोते समय आंखों को ठंडे पानी से धोएं जिससे आंख ठीक रहे। उन्होंने कहा कि दिन में अधिक गर्मी के कारण पसीना अधिक आने से दिक्कत होती है। अधिक देर तक धूप में रहने से भी आंखें लाल होने लगती हैं। उन्होंने बताया कि आज करीब 67 बच्चे और किशोरों को देखा जिसमें सभी की आंखों में जलन और खुजली की शिकायत मिली। उन्होंने कहा कि अभी गर्मी और अधिक परेशान करेगी।


बच्चे की आंख देखते डा. केपी सिंह। • अमृत विचार

### नेत्र चिकित्सक की सलाह

वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा. पीयूष मोहन अग्रवाल ने बताया कि गर्मी का मौसम आंखों को परेशानी पैदा करता है इसलिए इस मौसम में आंखों को दिन में चार से पांच बार ठंडे पानी से धोएं। जरूरत हो तो आई ड्राप डालें जिससे आंख में जलन न हो। उन्होंने बताया कि अप्रैल से जुलाई तक आंखों में आई फ्लू की बीमारी अधिक रहती है इसलिए आंखों की देखभाल में कोताही न बरतें।

# गोली लगने से हुई थी युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज,

**अमृत विचार :** शुक्रवार देर शाम गोली लगने से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया था। देर रात युवक ने दम तोड़ दिया था। परिजनों ने दो सगे भाई समेत पांच लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

दो युवक गोली लगने से घायल युवक को जिला अस्पताल लाए थे जहां घायल का नाम, पता और घटनास्थल गलत बताया गया। उसका नाम हरदोई निवासी रामसत्य पुत्र जगपाल बताया गया। पुलिस इधर-उधर दौड़ती रही। युवक को बरेली के अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस की जांच के बाद पता चला कि युवक थाना अलापुर क्षेत्र के गांव आसपुर निवासी आसिफ पुत्र विदरीश है। मौत के बाद परिजन पहुंचे। मृतक के पिता ने बताया कि आसिफ का भाई अलीम एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत जेल में निरुद्ध है। उसकी जमानत के लिए आतिफ अधिवक्ता के पास आए थे। शहर से लगभग चार किमी दूर सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव पड़ौआ के पास आरोपियों ने उसकी बाइक रुकवाई और गोली मार दी। शोर मचाने पर हमलावर भाग गए। उन्होंने कहा कि हमलावरों से उनकी पुरानी रंजिश चल रही है। पुलिस के अनुसार मृतक के भाई पांच और पिता पर चार मामले दर्ज हैं। शुक्रवार को कोर्ट में मृतक के भाई की कोई तारीख तय नहीं थी। पुलिस ने दो आरोपी फहीम और ओसामा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

> जिला अस्पताल से युवक के घायल होने की सूचना मिली थी। युवक ने बाद में दम तोड़ दिया था। मेमो के अनुसार युवक का नाम व पता गलत दर्ज कराया गया। बाद में उसकी सही पहचान हुई। दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।
>
> – **अभिषेक सिंह**, एसपी सिटी

## कॉलेज में छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला, हुई संगोष्ठी


मानव श्रृंखला बनाते छात्र। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** राजकीय महा विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में नारी वंदन अधिनियम के समर्थन में मानव श्रृंखला बनाई गई। साथ ही, संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ. श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम व मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं की हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह तभी सफल होगा जब छात्र-छात्राएं अपने गांवों व आस-पास जागरूकता फैलाएं। डॉ. ज्योति बिश्नोई ने छात्राओं को सुरक्षा, अधिकारों व कानूनी जागरूकता के प्रति प्रेरित किया तथा बाल-विवाह जैसी कुरीतियों पर शासन को सूचित करने व हेल्पलाइन नंबर्स का उपयोग करने की सलाह दी। इस मौके पर डॉ. संजय कुमार, डॉ. प्रेमचंद चौधरी, मुस्कान साहिबा, सुरभि, रिया, विभा, अंशिका आदि उपस्थित रहे।

**उपलब्धि**

**कभी आर्थिक तंगी से जूझने वाली नीतू अपने मसाला व्यवसाय के जरिये बनी आत्मनिर्भर, अन्य महिलाओं के लिए भी बनी रोजगार का जरिया**

# नीतू ने मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर पेश की सफलता की नई मिसाल

प्रदीप सक्सेना, बदायूं

- पहले गांव- गांव में बिक्री किए मसाले, अब थोक विक्रेताओं को कर रहीं सप्लाई
- आजाद नाम से बाजार में नीतू बेच रही स्वयं के द्वारा तैयार खड़े और पिसे मसाले

**अमृत विचार:** मन में लग्न और आत्मविश्वास ऊंचा हो तो सफलता उस व्यक्ति के कदम चूमती है। गांव खेड़ा बुजुर्ग निवासी नीतू ने ऐसी सफलता की मिसाल पेश की है। उन्होंने आर्थिक तंगी के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए न सिर्फ आत्मनिर्भर बनीं बल्कि वह दूसरों के लिए भी प्रेरणा की स्रोत बन गई। इंटरमीडिएट तक पढ़ाई करने वाली नीतू मसाला व्यवसाय शुरू किया। इससे उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हुई। साथ ही, उनके द्वारा 30 से अधिक महिलाओं के रोजगार का जरिया भी बन गई।

नीतू के पति बलवंत सिंह कृषि करते हैं। मसाला व्यवसाय शुरू करने से पूर्व कृषि से इतनी आमदनी नहीं हो पाती थी कि परिवार का भरण पोषण ठीक से हो सके। घर की माली हालत के बीच नीतू के मन में कार्य करने का विचार आया जिससे परिवार की माली हालत में सुधार हो सके। पति की रजामंदी के बाद वह घर से रोजगार की तलाश में निकल पड़ी। महीनों चक्कर काटने के बाद उन्हें अच्छा रोजगार नहीं मिल सका। रोजगार की तलाश में वह ब्लॉक जगत पहुंच गईं। वहां एनआरएलएम विभाग के अधिकारियों के द्वारा एक महिलाओं के समूह को रोजगारपरक योजनाओं के बारे में बताया जा रहा था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उन्होंने बीबीएम दीपक से संपर्क किया। उन्हें नीतू को गांव में स्वयं सहायता समूह स्थापित किए जाने सलाह दिए जाने के साथ उसके संचालन और रोजगार संबंधी पूरी जानकारी दी। इसके बाद नीतू ने जय शनिदेव नाम से समूह का गठनकर बैंक से बैंक से डेढ़ लाख रुपये का ऋण लिया और मसाला बनाने का काम शुरू कर दिया। नीतू ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने घर पर ही हल्दी, मिर्च व धनिया को पीसकर आस-पास के गांवों में खुद जाकर बेचना शुरू किया। धीरे-धीरे उनके मसालों की शुद्धता और स्वाद ने ग्राहकों का भरोसा जीत लिया। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा पिसी हल्दी, मिर्च, धनिया, साबुत गरम मसाला, सब्जी मसाला, छोले मसाला, पनीर मसाला, चिकन मसाला, मटन मसाला सहित 52 प्रकार के मसालों को तैयार किया जाता है। उन्होंने बताया कि मसालों को पारंपरिक तरीके से सिलबट्टा और इमामदस्ता से पीसा जाता है। जिससे मसालों का स्वाद और गुणवत्ता बनी रहे। बेहतर पैकेजिंग और गुणवत्ता के कारण कारोबार लगातार बढ़ रहा है। वर्तमान समय में प्रति वर्ष पांच लाख रुपये की कमाई हो रही है।


मसाला तैयार करती महिलाएं। • अमृत विचार

### थोक विक्रेताओं के यहां किए जा रही सप्लाई

नीतू ने आजाद नाम से मसाला की पैकिंग की जाती है। मसालों की गुणवत्ता को देखकर डिमांड अधिक हो गई। अब वह गांव-गांव मसाला बेचने के लिए नहीं जाती। तैयार मसाले थोक विक्रेताओं के यहां सप्लाई किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मसाला की सप्लाई बदायूं जनपद के साथ-साथ शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद आदि जिलों में भी की जा रही है। इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा बना।

### 30 से अधिक महिलाओं को दे रही रोजगार

नीतू ने बताया कि पहले अकेले ही परिवार के सदस्यों के साथ मसाला तैयार करती थीं। व्यवसाय बढ़ा तो अन्य लोगों की आवश्यकता पड़ी। उनके द्वारा महिलाओं को रोजगार दिया जाने लगा। अब उनके यहां करीब तीस महिलाएं मसाला तैयार करने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वह पिछले तीन साल से व्यवसाय कर रही हैं। इस व्यवसाय के माध्यम से नीतू ने आज एक सफल उद्यमी के रूप में पहचान बना ली है।

